दिनांक 23.08.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

भिलाई नगर/ छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के निकास स्तर का दो दिवसीय आयोजन भिलाई विद्यालय सेक्टर 02 के मैदान में किया जा रहा है, जिसमें निगम क्षेत्र के पाॅच जोन तथा जामुल निकास से चुनकर आये टीम के खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन 26 जुलाई से प्रारंभ किया गया, जिसके प्रथम चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर का आयोजन किया गया, जिसके विजेता खिलाड़ियों को जोन स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है, जोन स्तर के विजेता खिलाड़ियों को खेल के तीसरे चरण में निकाय स्तर का आयोजन बुधवार को सेक्टर 02 भिलाई विद्यालय के मैदान में किया जा रहा है। जिसमें भिलाई के पाॅच जोन तथा जामुल निकाय से जीत कर आये गिल्ली डण्डा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, कंचा, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मी दोड़, लम्बीकूद, रस्सीकूद, कुश्ती के खिलाड़ी निकाय स्तर के इस दो दिवसीय आयोजन में अपना भाग्य आजमायेगे। पारम्परिक खेलो में खिलाड़ी पूरे उत्साह से मैदान में दमखम दिखा रहे है, खेल आयोजन को सफल बनाने नोडल अधिकारी डी.के. वर्मा, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक नोडल अधिकारी अजय शुक्ला, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, अनिल मेश्राम, मलखान सिंह सोरी, जे.पी.तिवारी, धीरज साहू सहित युवा मितान क्लब के सदस्य मैदान मंे डटे रहे।